COLLEGE ACTIVITIES

JANUARY 2025 - DECEMBER 2025

# NEWSLETTER






## COLLEGE WEBSITE

Mail Id : govtcollege.arjunda@gmail.com

Website : www.gcarjunda.com

## YEAR 2025

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA DIST- BALOD (C.G.)

# NEWSLETTER

## JANUARY 2025 - DECEMBER 2025

# SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA

## DIST- BALOD (C.G.)

Accredited institution with 'B' grade assessment by National Assessment and Acccreditation Council (NAAC), Bangalore


**Patron**

Dr. Somali Gupta
Principal

**Editorial Board**

Mrs. Deepika kanwar
Dr. Jaynendra Shrivas
Thakur Prajjwal Singh Pawar

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)

**3 JAN, 2025**

महाविद्यालय परिसर में माननीय प्रणेश जैन द्वारा कैन्टीन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता और प्राध्यापकगण ने समर्थन दर्शाया। कैन्टीन विद्यार्थियों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुविधा प्रदान करेगी, जो उनकी सेहत और पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण है। यह कदम छात्र हित में एक अहम पहल है।




## CULTURAL ACTIVITIES 03 JAN, 2025



### सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताएं

- व्यंजन प्रतियोगिता
- वाद -विवाद प्रतियोगिता
- मेहंदी प्रतियोगिता
- तात्कालिक भाषण
- पोस्टर प्रतियोगिता
- रंगोली प्रतियोगिता

शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में 'योग और उसके लाभ' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया और योग के महत्व को उजागर किया। सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट पोस्टर्स बनाकर प्रतियोगिता को सफल बनाया।




महाविद्यालय में आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। प्रतियोगिता ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया और पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों को साझा करने का अवसर प्रदान किया।

महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन किया।



### अर्जुन्दा महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बालोद**। अर्जुंदा महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा शनिवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 54 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय वाणिज्य विषय की सामान्य जानकारी रखा गया था। प्रतियोगिता में कुल 50 प्रश्न पूछे गए, जिन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न के अनुरूप तैयार किया गया था। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को ओएमआर शीट में उत्तर भरने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

## 03 JAN, 2025

अर्जुन्दा महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य छात्रों में व्यापारिक ज्ञान, तर्क शक्ति और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को विकसित करना था। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

## 03 JAN, 2025

गृह विज्ञान विभाग द्वारा हैंडलूम सेंटर तथा गोदाम का छात्राओं द्वारा भ्रमण , एवं वस्त्र निर्माण के विभिन्न आयामों का अध्ययन किया |






## 04 JAN, 2025

वाणिज्य संकाय के तत्वावधान में एवं प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता के मार्गदर्शन मे विपणन अनुसंधान विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया | जिसमे अतिथि वक्ता डॉ. लाली शर्मा ने विद्यार्थियो को विपणन अनुसंधान की नवीन अवधारणाओं एवं व्यावहारिक पहलुओ से अवगत कराया|

### विपणन अनुसंधान विषय पर अतिथि ब्याख्यान का आयोजन



**बालोद ( कलयुग का भारत )**। महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय के तत्वावधान में एवं प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता के मार्गदर्शन में विपणन अनुसंधान विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विपणन अनुसंधान की नवीन अवधारणाओं एवं व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. लाली शर्मा सहायक प्राध्यापक, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्ना. स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने विपणन अनुसंधान की परिभाषा, इसकी आवश्यकता, तकनीकों तथा आधुनिक व्यवसाय में इसकी भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने विभिन्न शोध विधियों एवं डेटा संग्रहण की प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के समस्त विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर [illegible] प्रभारी डॉ. अरुणा साव, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. समीर दशपुत्रे, वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष मोहित साव, सहायक प्राध्यापक श्री त्रिदेव ठाकुर, सुश्री प्रभा शर्मा एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. कुसुम देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति रही।


कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विपणन अनुसंधान से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं को व्यक्त किया। डॉ. लाली शर्मा ने उनकी शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें इस विषय में और गहराई से अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया। अंत में विभागाध्यक्ष मोहित साव ने अतिथि वक्ता डॉ. लाली शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया एवं इस प्रकार के व्याख्यानों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उक्त व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)






तत्वावधान मे हुआ आयोजन

रिपोर्टर निलेश श्रीवास्तव छत्तीसगढ़न्यूज़

झअर्जुन्दा– शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के क्लष्ट कक्ष में NAAC Reforms in Accreditation of Higher Education Institutions" पर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव (प्रोफेसर, शासकीय वी. वाई. टी. पी.जी. स्वाशासी महाविद्यालय दुर्ग, छ.ग.) द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता, इक्त्रष्ट समन्वयक डॉ. अरूणा साव, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. समीर दशपुत्रे, मोहित कुमार साव व समस्त सहायक प्राध्यापक तथा अतिथि व्याख्याता उपस्थित थे। डॉ. श्रीवास्तव ने इष्ट के संशोधित संरचना के अनुसार विभिन्न क्राइटेरिया (Criterion) के अंतर्गत कार्यों की जानकारी दी तथा गुणात्मक व संख्यात्मक मैट्रिक्स (Qualititative & Quantitative Matris) में अधिकतम अंक प्राप्त करने के संबंध में चर्चा की। डॉ. श्रीवास्तव द्वारा प्राध्यापकों को शोध कार्यों में गुणात्मक वृद्धि करने हेतु प्रेरित किया गया। शिक्षण अधिगम हेतु नवीन तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के सामर्थ्य को प्राथमिकता एवं कमजोरियों को अवसर में बदलने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नवीन NAAC पॉलिसी के अंतर्गत प्रतयानयित व

**16 JAN, 2025**

**IQAC के तत्वाधन में NAAC ASSESSMENT पर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा व्याख्यान दिया गया**

**21 JAN, 2025**

वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय में हरबेरियम तकनीक विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को पौधों के संग्रह, संरक्षण और वर्गीकरण की तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया गया।









**22 JAN, 2025**

**आर्टिस्टिक विज़न भिलाई के साथ MOU हस्ताक्षर किया गया |**

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)




**24 JAN, 2025**

**NATIONAL GIRL CHILD DAY**

**महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया , इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य सहित प्राध्यापक उपस्थित थे |**

**25 JAN, 2025**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्रों व संकाय सदस्यों ने निष्पक्ष व निर्भीक मतदान का संकल्प लिया।



**छात्र छात्राओं ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लिए शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय में**

रिपोर्टर निलेश श्रीवास्तव

छत्तीसगढ़ न्यूज़

अर्जुंदा जिला बालोद के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा, दिनांक 25/01/2025 राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। 25 जनवरी 1950 को मुख्य निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस को प्रत्येक वर्ष मतदाता दिवस के रूप में मनाते है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्त तहसीलदार प्रवीण कुमार साहू ने कार्यक्रम का प्रारंभ शपथ दिलाकर किए, साथ ही कहा की लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन में आए अपना मताधिकार का प्रयोग करें। इसके बाद प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने कहा कि जब भी मतदान होता है, ... करना यह अधिकार और कर्तव्य दोनों है। डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति विभागाध्यक्ष हिंदी ने मतदान के लिए छात्र/छात्राओं को ... संचालन मनोज कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रकाश सिंह बदल, डॉ. अरुणा साव, डॉ. समीर दशपुत्रे, दीपिका कंवर, ... डॉ. प्रीति ध्रुवे, विकास साहू, डॉ. प्रभा यादव, डॉ. राजकुमारी गजपाल, डॉ. मिली चंद्राकर, डॉ. धर्मेंद्र साहू एवं छात्र /छात्राएं ...

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा जिला बालोद (छ ग), Chhattisgarh,

राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजन



**26 JAN, 2025**

**महाविद्यालय में राष्ट्रीय पर्व , गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया |**
**प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण पश्चात् प्राचार्य प्राध्यापकगण छात्र - छात्रा एवं एल्युमिनी अध्यक्ष द्वारा विचार व्यक्त किया गया |**

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)

**27 JAN, 2025**

अर्जुन्दा महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों के लिए मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने करियर, रोजगार और कौशल विकास पर जानकारी दी।







**31 JAN, 2025**

**PARENTS TEACHERS MEETING**

**महाविद्यालय में अभिभावक व प्राध्यापक के मध्य छात्र - छात्राओ के भविष्य हेतु विचार विमर्श किया गया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अभिभावकों को समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया गया |**

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)

**01 FEB, 2025**

प्राचार्य डॉ .सोमाली गुप्ता एवं रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अरुणा साव के द्वारा कॉलेज के हॉस्टल में निरीक्षण किया गया एवं सुविधाओं के बारे में छात्रों से चर्चा किया गया |








**1 FEB, 2025**

महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों के लिए खुला मंच प्रतियोगिता किया गया जिसमें महाविद्यालय से संबंधित प्रश्न पूछे गए विद्यार्थियों ने बड़े उत्सुकता के साथ सवालों के जवाब दिए एवं प्रत्येक शनिवार को आयोजित किया जायेगा |







**2 FEB, 2025**

बसंत पंचमी के अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापको व समस्त छात्र , छात्रों द्वारा माता सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया |

**3 FEB, 2025**

**MOU के तहत ग्राफिक डिजाईन का 30 दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ हुआ |**



# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)



**03 FEB, 2025**

समाजशास्त्र परिषद् का गठन किया गया एवं परिषद् द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन किया गया |

**04 FEB, 2025**

रसायन विज्ञान विभाग द्वारा "Non-Degradable Substances: Reuse & Recycling" विषय पर Science Model Exhibition आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए और अतिथियों ने उनकी सराहना की।







**07 FEB, 2025**

महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा गोविन्द पटेल के साथ “व्यावसायिक खेती ” के लिए MOU हस्ताक्षर किया गया |

अर्जुन्दा महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा मशरूम कल्टीवेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को मशरूम की खेती करने की विधियाँ और तकनीकें सिखाई गईं।



# NEWSLETTER
## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda
Dist- Balod (C.G.)


## ANNUAL FUNCTION 08 FEB 2025



## महाविद्यालय अर्जुन्दा में न्यूजलेटर का भव्य विमोचन

8 फरवरी 2025 को शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का खास आकर्षण न्यूजलेटर का विमोचन रहा। इस गौरवपूर्ण अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप मुख्य अतिथि रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. चंदना बोस उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने की।




## वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 8 FEB, 2025

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप उपस्थित थे, और विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस शामिल हुई। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने की। समारोह के दौरान, विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई और महाविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## EXCELLENT AWARDS    08 FEB 2025

पायल निषाद को बेंगलुरू ( साऊथ ईस्ट जोन फेस्टिवल 2024  रंगोली प्रतियोगिता में  हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग और महाविद्यालय  का  प्रतिनिधित्व  करने पर पुरस्कृत किया गया |





हेमा मंडावी को All India Interuniversity Weight Lifting tournament के लिए चयन होने पर स्व. श्री सतीश नारायण राव दशपुत्रे स्मृति पुरस्कार पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यशवंत टंडन को छ. ग . की सबसे लम्बी चोटी गोरलाटा (1225 मीटर ) 15 अगस्त 2024   को 77 फीट राष्ट्रीय ध्वज फहराया महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने पर उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित  किया गया |





युवा उत्सव क्विज प्रतियोगिता में intercollege competition me 3rd rank प्राप्त करने पर खुमान विश्वकर्मा , दिनेश बंजारे , करण कुमार साहू  को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

## SPECIAL AWARDS 08 FEB 2025

तृप्ति निर्मलकर को सभी संकायों में स्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर शहीद दुर्वासा निषाद स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया





राजेश कुमार को स्नातकोत्तर गणित में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर स्व. सौ. शालिनी दशपुत्रे स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया l

भुमिका यादव को स्नातक रसायन में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर स्व. श्री लेखराम साहू स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया l





करण कुमार को State Level Intercollege Kabaddi Tournament के लिए चयन होने पर स्व. श्री सतीश नारायण राव दशपुत्रे स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया l गया।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

समाजशास्त्र की छात्रा किरण निषाद को सभी संकायों में स्नातकोत्तर में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर प्राचार्य द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया l






गृह विज्ञान विभाग द्वारा कढ़ाई बुनाई प्रशिक्षण कार्यशाला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर गीतांजलि साहू को विभाग द्वारा पुरुस्कृत किया गया l

08 FEB, 2025

**श्री शिवकुमार कोसरे प्रयोगशाला तकनीशियन द्वारा माँ सरस्वती की शिल्पकाष्ठ की प्रतिमा महाविद्यालय परिवार को भेंट की गई l**





**Best out of waste workshop by Chemistry Department**



# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

**Dist- Balod (C.G.)**

शहीद दुर्वासा निषाद कॉलेज

### भाषण में यशवंत टंडन और निबंध में कविता साहू प्रथम




अर्जुंदा @ पत्रिका. शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब अन्तर्गत भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता हुई। विषय ... कविता साहू, द्वितीय भूपेश्वरी साहू एवं पूनम साहू रहीं। संचालन प्रतियोगिता प्रभारी मनोज साहू एवं लकेश चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम

**12 FEB, 2025**

रेड रिबन क्लब द्वारा "HIV संक्रमण की रोकथाम के लिए प्राप्त सुविधाएं" विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जागरूकता फैलाने वाले विचार प्रस्तुत किए।

अर्जुन्दा महाविद्यालय की वेटलिफ्टर हेमा मंडावी 14 से 17 फरवरी तक हिमाचल प्रदेश में आयोजित All India University Games में दुर्ग यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### अर्जुंदा की वेटलिफ्टर हेमा मांडवी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

वेटलिफ्टिंग एंड स्पोर्ट एकेडमी अर्जुंदा की वेटलिफ्टर हेमा मांडवी

- हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 14 से 17 फरवरी तक होगी प्रतियोगिता



ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में दुर्ग यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह आयोजन हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 14 से 17 फरवरी तक होगा। इससे पहले हेमा जोनल गेम्स जो जालंधर में 20 से 23 जनवरी हुआ था, जिसमें भाग लेकर उन्होंने आल इंडिया गेम्स के लिए अपना

हेमा वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। हेमा ने वेटलिफ्टिंग की शुरुआत कक्षा आठवीं से की थी। हेमा मांडवी 68वें स्कूल नेशनल में सिल्वर मेडल एवं खेलो इंडिया वुमेंस रैंकिंग टूर्नामेंट में ब्रोंज

समकक्ष बच्चों के साथ अर्जुंदा में कोच प्रकाश देशमुख के मार्गदर्शन में अभ्यास करती हैं।

इस उपलब्धि के लिए हेमा के माता–पिता एवं अकादमी के सभी बच्चों द्वारा वर्तमान में होने जा रहे प्रतियोगिता के लिए हर्ष व्यक्त

### प्रावीण्य सूची में तीन छात्राओं ने बनाई जगह







अर्जुंदा @ पत्रिका. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की प्रावीण्य सूची (2023-24) में शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा की तीन छात्राओं ने जगह बनाई है। इसमें समाजशास्त्र विभाग की छात्रा किरण निषाद ने तृतीय ... की छात्रा यामिनी भारती ने प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया था। सभी छात्राओं की उपलब्धियों पर समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष दीपिका कंवर

अर्जुन्दा महाविद्यालय की, समाजशास्त्र की छात्रा किरण निषाद(3rd), मोनिका पटेल (6th), और शालिनी साहू (8th) स्थान प्राप्त कर दुर्ग यूनिवर्सिटी 2023-24 की प्राविण्य सूची में बनाई जगह।

**17 FEB, 2025**

वनस्पति विभाग द्वारा "DNA Packaging" विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि साइंस कॉलेज, दुर्ग की डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

### डीएनए पैकेजिंग पर अतिथि व्याख्यान में कॉलेज के विद्यार्थियों ने पूछे सवाल

भास्कर न्यूज | बालोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में वनस्पति शास्त्र विभाग ने विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया। विषय था डीएनए पैकेजिंग। साइंस कॉलेज, दुर्ग की डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू ने व्याख्यान दिया। उन्होंने डीएनए पैकेजिंग की प्रक्रिया बताई। क्रोमेटिन संरचना, हिस्टोन प्रोटीन की भूमिका, न्यूक्लियोसोम संगठन और जीन अभिव्यक्ति पर प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया डीएनए अनुक्रमण, गुणसूत्र संरचना और आनुवंशिक सूचना के संरक्षण में अहम भूमिका निभाती है।



बालोद. डीएनए पैकेजिंग पर अतिथि व्याख्यान हुआ, छात्रों ने सवाल पूछे।

डॉ. नायडू ने सरल और वैज्ञानिक तरीके से जवाब दिया। यह व्याख्यान छात्रों के अकादमिक ज्ञानवर्धन और शोध कार्यों में रुचि बढ़ाने में सहायक रहा। डॉ. अरुण साव ने विषय की उपयोगिता पर

व्याख्यान छात्रों के लिए लाभकारी रहा और भविष्य में ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम के आयोजन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ. अरुण साव, वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष किशोर कुमार

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)




25 FEB, 2025

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयं सेवको ने दी वार्षिक “बी सर्टिफिकेट” परीक्षा |

27 FEB, 2025

NSS के द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया मुक्ति दिवस के अवसर पर दवा वितरण किया गया |







27 FEB, 2025

NSS के स्वयं सेवको को प्राचार्य द्वारा डायरी , पेन ,कैप का वितरण किया गया |




28 FEB, 2025


NATIONAL SCIENCE DAY

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में QUIZ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इन प्रतियोगिताओ में कॉलेज के 50 से अधिक छात्र - छात्रों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया












# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)



### 01 MARCH 2025

शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवकों द्वारा उपेक्षित नहरों की सफाई की गई तथा जल संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण का संदेश दिया गया। इसका उद्देश्य जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा स्वच्छ पर्यावरण के महत्व को समझाना था।

### 03 MARCH 2025

महाविद्यालय अर्जुन्दा के **WOMEN'S CELL** द्वारा **SELF-DEFENCE WORKSHOP** का आयोजन किया गया, जिसमें मार्शल आर्ट्स प्लेयर मिस तनुजा ने प्रशिक्षण दिया। इस वर्कशॉप में छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों, आपातकालीन स्थितियों में बचाव के उपाय और आत्मविश्वास बढ़ाने के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गया।






# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)






कार्यशाला

बांधनी कला, बाटिक कला और ड्रेस डिजाइनिंग सीखी

अर्जुंदा @ पत्रिका. शहीद राजस्थान व गुजरात की प्रसिद्ध

### 03 MARCH 2025

महाविद्यालय अर्जुन्दा के गृह विज्ञान विभाग एवं उद्यमिता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में बांधनी कला, बाटिक कला और ड्रेस डिजाइनिंग पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें भिलाई की प्रशिक्षक परमजीत कौर ने प्रशिक्षण दिया, जिसमें 36 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रचनात्मक कौशल विकसित किए।

### 06 MARCH 2025



नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं वाटर बोटल दिया गया

रेड रिबन क्लब ने विजेताओं को किया सम्मानित

पीपुल्स संवाददाता • बालोद

editor@peoplessamachar.co.in

अर्जुंदा शहीद दुवार्सा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के रेड रिबन क्लब द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस एवं विश्व एड्स दिवस के अवसर पर भाषण, निबंध, वाद विवाद पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विजेता प्रतिभागियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता रही।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ

प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता ने सभी छात्र छात्राओं और विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और आगामी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ अरुणा साव आईक्यूएसी प्रकोष्ठ ने संक्रमण

सेमेस्टर रहे। वहीं वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिनेश बंजारे एम ए समाज द्वितीय सेमेस्टर व द्वितीय स्थान यशवंत कुमार टंडन पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर रहें। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.पायल

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

**08 MARCH 2025**

महाविद्यालय अर्जुन्दा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ द्वारा विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण, अधिकार एवं नेतृत्व पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं और प्राध्यापकों ने प्रेरणादायक वक्तव्य, और सम्मान समारोह के माध्यम से महिलाओं की उपलब्धियों को रेखांकित किया।




**08 MARCH 2025**




महाविद्यालय अर्जुन्दा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित मातृत्व सम्मान समारोह में प्रतिभावान छात्र -छात्राओ के माताओं को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

**08 MARCH 2025**



रैली में फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज नारे लगाकर व्यायाम करने प्रेरित किया

बालोद. राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने वॉकथॉन, मैराथन का आयोजन किया।

भास्कर न्यूज | बालोद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहीद

सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों, विश्वविद्यालयों और स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी की गई।

इंडिया योग सत्र के तहत बड़े पैमाने पर योग कार्यक्रम किए गए। इसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा वॉकथॉन, मैराथन और साइक्लिंग रैली का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

**11 MARCH 2025**

समाजशास्त्र विभाग द्वारा "महिला सशक्तिकरण" विषय पर खुला मंच भाषण आयोजित किया गया, जिसमें 15 से अधिक छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस आयोजन का उद्देश्य महिला अधिकारों, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और छात्रों को अपने विचार स्वतंत्र रूप से प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करना था।





**11 MARCH 2025**

वनस्पति विभाग द्वारा हर्बल गुलाल मेकिंग कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्राकृतिक रंगों से गुलाल बनाने की तकनीक सीखी। इस कार्यशाला का उद्देश्य रासायनिक रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देना था।

## शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा बालोद में 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




अर्जुन्द: शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा बालोद के समाजशास्त्र परिषद् के द्वारा 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर सिंह द्वारा समाजशास्त्र परिषद् द्वारा आयोजित इस प्रकार की प्रतियोगिता की सराहना की गई और कहा गया कि महिलाओं के लिए दिवस सिर्फ एक

रासेयो को विशेष शिविर

## मटिया पी में पहुंचे रासेयो स्वयंसेवक, रैली निकाली और पानी बचाने का दिया संदेश




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अर्जुंदा @ पत्रिका. शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ग्राम मटिया में विशेष शिविर का आयोजन किया। शुभारंभ युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया।

मुख्य अतिथि डीके कुमार पाटिल प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मटिया (अ) किशोर कुमार टंडन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रहे। विशिष्ट अतिथि शिक्षिका पुष्पा चौधरी, शशिकला देशमुख, संगीता देवांगन, अर्चना साहू, परमानन्द साहू रहे।

### स्वच्छता जागरुकता, नशा मुक्ति अभियान चलाया

स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को साफ-सफाई, नशे के दुष्प्रभावों और जल बचाव के महत्व को समझाने का प्रयास किया। ग्राम संपर्क कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया गया और उन्हें जागरूक करने प्रेरित किया गया।

### स्वच्छता अभियान चलाया

स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी गई। जल संरक्षण षिय पर चर्चा करते हुए वर्षा जल संचयन और पानी के सही उपयोग की जानकारी दी गई।

### सकारात्मक बदलाव लाने पहल

स्वयंसेवकों ने अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन किया और सामाजिक उत्थान की दिशा में योगदान दिया। विशेष शिविर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।



**12 MARCH 2025**

शैलेदेवी कॉलेज, अंडा के साथ योग पर एक **MoU** पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य छात्रों के बीच स्वास्थ्य, कल्याण और जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह सहयोग शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिए योग के लाभों पर केंद्रित कार्यशालाओं, प्रशिक्षण सत्रों और अनुसंधान के अवसरों को सुगम बनाएगा।

**17 MARCH 2025**

रसायनशास्त्र विभाग द्वारा **Macrame Workshop** का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नॉटिंग तकनीक से सजावटी और उपयोगी उत्पाद बनाने की कला सीखी। कार्यशाला का उद्देश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना था।






# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)







**20 MARCH 2025**

विश्व गौरैया दिवस पर महाविद्यालय अर्जुन्दा में जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली आयोजित की गई। इसमें गौरैया संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के महत्व पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने जैसी पहल को प्रोत्साहित करते हुए जागरूकता रैली निकाली।

### गौरैया केवल पक्षी नहीं अपितु पर्यावरण संतुलन की अहम कड़ी : डॉ. सोनाली गुप्ता

पीपुल्स संवाददाता • बालोद

editor@peoplessamachar.co.in



अर्जुंदा शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा में विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर छात्रों द्वारा गौरैया संरक्षण हेतु विशेष प्रयास किए गए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ. सोमाली गुप्ता सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

डॉ. गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन की महत्वपूर्ण कड़ी है। बढ़ते शहरीकरण, पेड़ों की कटाई और आधुनिक जीवनशैली के कारण गौरैया की संख्या तेजी से घट रही है, जिसे बचाने के लिए हमें ठोस प्रयास करने होंगे। बालोद जिले के दल्लीराजहरा निवासी ग्रीन कमांडो वीरेन्द्र सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने गौरैया संरक्षण के लिए घोंसले लगाने, दाने-पानी की व्यवस्था करने और पर्यावरण को अनुकूल बनाने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में छोटे मिट्टी के पात्र और परिंडे लगाए गए ताकि गौरैया और अन्य पक्षियों को जल व आहार मिल सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने भी अपने विचार साझा किए और छात्रों को जागरूकता फैलाने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग को रोकने की अपील की।

### एंटी रैगिंग समिति द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को एंटी रैगिंग की दी गई शपथ



**बालोद (महाकोशल)।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में एंटी रैगिंग समिति द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को एंटी रैगिंग की शपथ दी गई जिसमें समिति के संयोजक मोहित कुमार साव व सदस्यगण डॉ. प्रदीप कुमार



**21 MARCH 2025**

MoU के तहत आयोजित 30 दिवसीय ग्राफिक डिजाइन कोर्स का सफल समापन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने डिजिटल डिजाइनिंग, एडिटिंग और क्रिएटिव विजुअल्स बनाने की तकनीकें सीखीं। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए और उनके कौशल की सराहना की गई।

### शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय के विद्यार्थियों को ग्राफिक डिजाइनिंग का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा



शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुंदा में आर्टिस्टिक विजन नेहरू नगर के सहयोग से 30 दिवसीय ग्राफिक डिजाइनिंग कोर्स का आयोजन किया गया, जिसका समापन 21 मार्च को किया गया। इस कोर्स के माध्यम से छात्रों को आधुनिक ग्राफिक डिजाइनिंग की तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। समापन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि डॉ. समीर दशपुत्रे (एचओडी, गणित विभाग) विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन किशोर कुमार टंडन ने किया। आर्टिस्टिक विजन की प्रशिक्षक काव्या द्वारा किया गया। इस दौरान छात्रों को एडोप फोटोशॉप, कोरल ड्रॉ, कैनवा जैसे सॉफ्टवेयर पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस कोर्स से छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग और क्रिएटिव ग्राफिक्स के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त हुए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने कहा कि यह कोर्स छात्रों के करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होगा और भविष्य में भी इस तरह के व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## 26 MARCH 2025

# विद्यार्थियों को विषय चयन और सतत् आंतरिक मूल्यांकन पर दी गई जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा बालोद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रकोष्ठ द्वारा 'उन्मुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य द्वितीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराना था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. समीर दशपुत्रे द्वारा द्वितीय सेमेस्टर में जीई एवं एसइसी विषय के चयन एवं सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता द्वारा विद्याणथयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत क्रेडिट खाता की जानकारी, महाविद्यालय में संचालित कौशल विकास क्षमता कार्यशाला में भाग लेने एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ की सदस्य दीपिका कंवर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संयोजक डॉ. अरुणा साव, प्रभा शर्मा, डॉ. राजकुमारी गजपाल, विकास साहू, मनोज साहू, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एंबेसडर बीएससी से मुक्ता देवांगन, बीए से लोकेंद्र कुमार एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**27 MARCH 2025**

स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट एवं IQAC द्वारा "योग एवं ध्यान: स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन" विषय पर 3 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों को योग आसन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था।






# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)




**28 MARCH 2025**




रसायनशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा **MoU** के तहत सिद्धाचलम लेबोरेटरी के सहयोग से वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें सिद्धाचलम लेबोरेटरी की महानिदेशक डॉ. भावना जैन ने विद्यार्थियों को प्रयोगशाला तकनीकों, जैविक अनुसंधान और नवीन वैज्ञानिक विधियों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही, उन्होंने उद्योग और अनुसंधान क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों पर चर्चा कर छात्रों को करियर संबंधी नई दिशा प्रदान की।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)







**28 MARCH 2025**

कैरियर काउंसिलिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए श्री हरि पब्लिक स्कूल में शिक्षक के विभिन्न पदों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। इसमें छात्रों को साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया का अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें शिक्षा क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिले।






# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

**01 APRIL 2025**




स्किल डेवलपमेंट एवं उद्यमिता प्रकोष्ठ द्वारा "ट्रांसफरेबल स्किल्स एंड जॉब रेडीनेस" विषय पर महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से कोर्स प्रारंभकिया गया, जिसमें छात्रों को संचार कौशल, टीमवर्क, समस्या समाधान, इंटरव्यू तकनीक और करियर तैयारी से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

**01 APRIL 2025**

01 अप्रैल से सभी विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय में सामान्य ज्ञान पर दैनिक क्विज़ प्रतियोगिता प्रारंभ की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सामान्य अध्ययन, करंट अफेयर्स और तर्कशक्ति से जुड़े प्रश्न पूछे गए। विजेताओं को सम्मानित कर उनके ज्ञान और प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया।



# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

### 03 APRIL 2025



**रासेयो स्वयं सेवक कुलेश ने पहली बार रक्तदान किया**

बालोद| शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक कुलेश निषाद ने पहली बार स्वेच्छा से रक्तदान किया। यह रक्तदान सहायता ब्लड बैंक बालोद में हुआ। कुलेश ने यह रक्तदान जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए किया। रक्तदान के इस कार्य की सराहना प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता और कार्यक्रम अधिकारी किशोर




### 05 APRIL 2025

महाविद्यालय और विनीता वैष्णव के मध्य MOU साइन किया गया जिसके तहत महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा l

### 07 APRIL 2025




ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा सीएस जॉब एंड ट्रेनिंग एकेडमी, भिलाई (छत्तीसगढ़) के सहयोग से गैर-तकनीकी पदों के लिए विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर अभ्यर्थियों का रिज्यूमे चयन, समूह चर्चा और साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

**08 APRIL 2025**







महिला प्रकोष्ठ द्वारा आईक्यूएसी के अंतर्गत "उत्तरदान समारोह" का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 10 किलोमीटर के दायरे के सभी महिला सरपंचों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंचों को ग्राम विकास में उनके योगदान और महिला सशक्तिकरण में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया।



#responseceremony शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय में आयोजन

**छत्तीसगढ़ी भाषा को आगे बढ़ाने सभी आगे आएं और ज्ञान को अपने तक सीमित न रखें**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क patrika.com

प्राचार्य ने उत्तरदान का मतलब समझा

किसी भी कार्य को छोटा न समझें

अतिथि और महिला जनप्रतिनिधि सम्मा



दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 09-04-2025

उत्तरदान समारोह • शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में हुआ कार्यक्रम, प्रोत्साहित किय

**महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान, समारोह में नवाचार पर जोर दि**

डॉ. घनश्याम ने नारी शिक्षा पर बल देते हुए नारा दिया

छत्तीसगढ़ी भाषा को स तक पहुंचाने पर जोर दि

अर्जुन्दा महाविद्यालय में हुआ जनप्रतिनिधियों का सम्मान, उत्तरदान समारोह।

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि इस समारोह का समाचार प्रसारण DD NEWS पर किया गया, जिससे महाविद्यालय की इस पहल को व्यापक पहचान मिली और स्थानीय समाज में जागरूकता का संदेश पहुँचा।

## 12 APRIL 2025






# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं : पांडे

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में एआई को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में शिक्षण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन पीजीडीसीए एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

संस्था प्रमुख डॉ सोमाली गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. सोमाली गुप्ता ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन में पूरी तरह जुड़ चुका है, व्यक्ति इसके माध्यम से कार्य क्षमता को बढ़ा सकता है, हम आवश्यकता अनुसार इसका उपयोग कर सकते हैं। ज्ञान विज्ञान के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सम्मेलन के प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता आचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली दुर्ग डॉ.अनुपमा ने शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश

### एआई का आवश्यकता अनुसार सही उपयोग करें : डॉ सिंह

सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ इशांत साहू ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इमेज जेनरेशन क्या है विषय पर विस्तार से चर्चा किया। राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अजय सिंह प्राचार्य विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मन की कल्पना को साकार रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का आवश्यकता अनुसार सही उपयोग करना चाहिए। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, गोवा, बेंगलुरु, उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक गण सम्मिलित हुए। सम्मेलन का संचालन आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अरुण साहू एवं डॉ. दीपिका भौतिक विभाग ने किया। ब्लेंडेड मोड पर आधारित इस सम्मेलन में शामिल सभी लोगों का डॉ समीर दशपुत्र पीजीडीसीए प्रभारी ने आभार व्यक्त किया।

PGDCA विभाग और IQAC के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य वक्ताओं में डॉ. अनुपमा, डॉ.अजय सिंह, और क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. राजेश पांडे शामिल रहे। सम्मेलन में AI के जीवन में उपयोग, ज्ञान व कार्यक्षमता बढ़ाने की भूमिका, मशीन लर्निंग और डिजिटल शिक्षा में योगदान पर चर्चा हुई। सभी प्रतिभागियों को AI के सही और आवश्यक उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के शिक्षक और विद्यार्थी भी शामिल हुए।

## 15 APRIL 2025



दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 17-04-2025

# डॉ. भीमराव अंबेडकर का समाज के लिए योगदान अतुलनीय है: सोमाली

भास्कर न्यूज | बालोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय में अर्जुंदा में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने कहा कि अंबेडकर का समाज के लिए योगदान अतुलनीय है। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अरुण साहू ने कहा कि ज्ञान ही वह शक्ति है जो इंसान को ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। इसलिए सभी को ज्ञानार्जन करना चाहिए।

बालोद. अर्जुंदा कॉलेज में गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य।

समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष दीपिका कंवर ने अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करते हुए विदेश जाकर शिक्षा प्राप्त की और समाज में फैले भेदभाव को मिटाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान के अतिथि व्याख्याता मनोज कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर तुलेश्वरी चंद्राकर, डॉ. धर्मेंद्र साहू, डॉ. राजकुमारी, डॉ. मिली चंद्राकर, मोनिका वर्मा, विकास साहू, डॉ. प्रथा यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय में मनाई गई डॉ. आम्बेडकर जयंती

# डॉ. आंबेडकर ने विषम परिस्थितियों का सामना कर हासिल की उच्च शिक्षा

बालोद/अर्जुन्दा। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रेरणास्पद आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मंचस्थ वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन के तीन स्तंभ शिक्षा, संघर्ष और संकल्प पर क्रमबद्ध व विस्तृत विचार रखे।

संस्था प्रमुख डॉ. सोमाली गुप्ता ने डॉ. अंबेडकर के शैक्षणिक संघर्ष को रेखांकित करते हुए कहा एक ऐसे समय में जब समाज में विषमता की दीवारें ऊंची थीं, तब बाबा साहब ने शिक्षा को अपना हथियार बनाया और विश्व की शीर्ष संस्थाओं से डिग्रियां प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि ज्ञान से बड़ा कोई वर्ग नहीं होता। कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने भारतीय संविधान निर्माण में अंबेडकर की भूमिका को याद करते हुए कहा न केवल संविधान की रचना की, बल्कि भारत को सामाजिक न्याय, समानता और धर्मनिरपेक्षता की मजबूत नींव दी। उनका संविधान आज भी दुनिया के सबसे प्रगतिशील दस्तावेजों में गिना जाता है।

स्वयंसेवक दानेश्वर सिन्हा और यशवंत टंडन ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो, संकल्प यदि अडिग हो तो हर असंभव को संभव बनाया जा सकता है। इस अवसर पर डुलेश्वरी यादव, चंद्रप्रभा साहू, पायल यादव, संगीता सिन्हा, उमा सिन्हा, लीना देवांगन, राकेश कुंभकार, प्रियांचल, अनमोल, डुमेंद्र एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा अंबेडकर जयंती मनाया गया ।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

### 24 APRIL 2025



महाविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा "सतत जल प्रबंधन तकनीक और रणनीतियाँ" विषय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री गोविंदा पटेल , पटेल एरिगेशन थे ।

### 05 MAY 2025

समाजशास्त्र विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा 'तृतीय लिंग समुदाय समावेशन की ओर' विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित की गई । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुचित्रा शर्मा भारती विश्वविद्यालय दुर्ग एवं विशिष्ठ अतिथि श्री धनसिंह सहारे शहीद कौशल यादव शासकीय महाविद्यालय गुंडेरदेही उपस्थित रहे ।



अर्जुंदा महाविद्यालय में व्याख्यान

**तृतीय लिंग समुदाय को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने छात्रों को किया जागरूक**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अर्जुंदा . शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में समाजशास्त्र विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय लिंग समुदाय समावेशन की ओर पर अतिथि व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. सुचित्रा शर्मा भारती विश्वविद्यालय दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि धनसिंह सहारे शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुंडरदेही थे। डॉ. समीर दरपुते ने तृतीय लिंग समुदाय के समाज में प्रतिनिधित्व एवं महिला एवं पुरुष की भांति समाज में समान अवसर की आवश्यकता पर बात रखी। महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. अरुणा साव ने तृतीय लिंग समुदाय के समाज में समावेशन की आवश्यकता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि धनसिंह सहारे ने बालोद क्षेत्र में रहने वाले तृतीय लिंग समुदाय के बारे में जानकारी दी। कैसे वो समाज में भेदभाव के शिकार हैं और अपनी पहचान छिपाते हैं। उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. सुचित्रा शर्मा ने कहा कि समुदाय समाज में उपेक्षा का शिकार है। परिवार के लोग स्वयं इन्हें स्वीकार नहीं करते। उन्होंने तृतीय लिंग समुदाय के वर्गीकरण एवं लैंगिक पहचान के आधार पर समाज में भेदभाव की स्थिति के बारे में बताया। रामायण एवं महाभारत में भी इस समुदाय के उल्लेख की जानकारी दी। वैज्ञानिक दृष्टिकोण, समुदाय के कानूनी पहचान एवं अधिकार, भारतीय परिप्रेक्ष्य में समावेशी विकास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मीडिया एवं प्रचार-प्रसार माध्यम से समाज में जागरूकता लाई जा सकती है। मानसिक स्थिति में सुधार से भी एक हद तक इस समुदाय की स्थिति सुधार सकते हैं। डॉ. शर्मा ने तृतीय लिंग समुदाय के कुछ चर्चित व्यक्तित्व जैसे लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी, मधुकिन्नर, शबनम बानो, निशा विश्वास, गंगा कुमारी एवं ज्योति मंडल आदि के बारे में जानकारी दी कि समाज में भेदभाव के बावजूद उन्होंने समाज में सम्मानजनक पद हासिल किया। अंत में प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधान किया गया। संचालन समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष दीपिका कंवर ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राजकुमारी गजपाल उपस्थित रहीं।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)

## 31 MAY 2025




रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राध्यापकों एवं विद्यार्थीयों द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर पौधरोपण किया गया।




## 06 JUNE 2025



**महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण**
**राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की पहल**

बालोद। (कलयुगका भारत) भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय व छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित एक पेड़ मां के नाम पर शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और मातृ शक्ति के प्रति सम्मान व्यक्त करना था।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता ने कहा कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करता है, बल्कि यह हमारे भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने बताया कि यह पहल युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक इस अभियान के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता,डॉ अरुणा साव, त्रिदेव ठाकुर ,महेश पाटिल,सचिन यादव,कुंती बाई स्वयंसेवकउपस्थित थे। व बड़ी संख्या में छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया और पौधरोपण में सक्रिय योगदान दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहल महाविद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाती है। निषाद समाज को जमीन देने की घोषणा नि[illegible] समाज के नवनिर्वा[illegible] पदाधिकारियों के शपथ [illegible] समारोह में पूर्व सांसद राजा [illegible] देवव्रत सिंह की पत्नी विभा दे[illegible] सिंह अतिथि के रूप में कार्यक्र[illegible] सम्मिलित हुई, इस दौरान उ[illegible] समाज के सभी नवनिर्वा[illegible] पदाधिकारियों को बधाई देते [illegible] प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## 21 JUNE 2025




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनुभवी योग प्रशिक्षक डॉ. भूपेंद्र साहू द्वारा योग के महत्व और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया और योग आसनों का अभ्यास किया गया।

## 01 JULY 2025

गृहविज्ञान विभाग के छात्रों द्वारा कढ़ाई की गई वस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई।



# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

## 03 JULY 2025






रसायन शास्त्र विभाग के लैब तकनीशियन शिवप्रसाद कोसरे को दी गई विदाई

महाविद्यालय में अपनी वर्षों की सेवा यात्रा, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की स्मृतियों को साझा किया जाएगा। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान प्रयोगशाला संचालन, उपकरण रखरखाव एवं विद्यार्थियों को प्रायोगिक शिक्षा में सहायता प्रदान करते हुए महाविद्यालय की प्रयोगात्मक गतिविधियों को मजबूत आधार प्रदान किया। समारोह में महाविद्यालय के

रसायन शास्त्र विभाग के लैबटेक्नीशियन श्री शिव प्रसाद कोसरे जी को विदाई दी गई।



अर्जुंदा कॉलेज परिसर में मां के नाम लगाए पौधे

बालोद| शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 20 पाम के पौधे लगाए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता, मुन्नी लाल निषाद सहित प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 05 JULY 2025




मुख्य अतिथि मुनीलाल निषाद की उपस्थिति में '**एक पेड़ मां के नाम अभियान**' के तहत महाविद्यालय परिसर में 20 पाम के पौधे लगाए गए।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

### 17 JULY 2025

महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ द्वारा तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






### 20 JULY 2025






एक पेड़ मां के नाम **2.0** अभियान के तहत महाविद्यालय में वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया।

## 23 JULY 2025



# सरकार की जनहित योजनाओं में बैंकों का है महत्वपूर्ण योगदान

**कॉलेज में मेरा युवा भारत थीम पर हुआ कार्यक्रम, 2047 तक विकसित भारत पर दिया व्याख्यान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/अर्जुन्दा

मेरा युवा भारत थीम पर कार्यक्रम का आयोजन शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में किया गया। जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चन्द्राकार के मुख्य अतिथ्य में व डॉ. सोमाली गुप्ता प्राचार्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि नेहरू युवा केन्द्र संभाग दुर्ग के नीतिश शर्मा, जिला संगठक बालोद रासेयो डॉ. लीना साहू, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू थे।


शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश साहू, स्टेट

शर्मा युवा अधिकारी ने माय भारत के उद्देश्य व युवाओं की सहभागिता पर चर्चा की। जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ लीना साहू से जुड़ने माय भारत कार्यक्रम व्यास पूजा की महत्ता व रासेयो के सभी कार्यक्रम, गतिविधियों पर युवाओं की स्वयंसेवक के रूप में सहभागिता पर पर विशेष चर्चा की।

मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने युवाओं से आव्हान किया की 2047 के विकसित




मेरा युवा भारत थीम पर सरकार के जनहित योजनाओं में बैंकों के महत्वपूर्ण योगदान पर कार्यक्रम आयोजन किया गया।




## 23 JULY 2025

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय में व्यास पूजा किया गया।

### 25 & 26 JULY 2025




विद्यार्थियों में भारतीय ज्ञान प्रणाली को विकसित करने के उद्देश्य जीवविज्ञान विभाग द्वारा 'ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल और पारंपरिक चिकित्सा' विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम : दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**राष्ट्रीय मंच पर अर्जुन्दा में आयुर्वेद व ग्रामीण चिकित्सा पर हुई सार्थक चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल और पारंपरिक चिकित्सा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं राजगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम की संयोजक सहायक प्राध्यापक जन्तु विभाग डॉ. प्रीति धुरवे ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया।

मेडिकल ऑफिसर आयुष विभाग पवन सिंह नागरे ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था एवं दैनिक जीवन में आयुष का उपयोग सुबह सोकर उठना से लेकर रात्रि के सोते समय तक के बारे में बताया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का पर्याय ही आयुष है।

उन्होंने बताया कि जीवनशैली में बदलाव के कारण ही हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों के शिकार होते रहे हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्देश्य के बारे में बताया साथ ही कहा कि महाविद्यालय में समय-समय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य वक्ता प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हर पौधे में औषधीय गुण पाया जाता हैं। विज्ञान और परंपरागत ज्ञान को साथ में लेकर चलना होगा। उन्होंने आधुनिक विज्ञान पद्धति के बारे में बताया, पिछले 30 वर्षों में भारत ने योग थैरेपी के माध्यम से वैज्ञानिक युग में स्वयं को साबित किया है।

कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि छात्र महत्वपूर्ण घटक होते हैं। देश की आत्मा गांव में बसती है। विश्व में आयुर्वेद अकेला ऐसा मेडिकल साइंस है जो धर्म से जुड़ा है। आयुर्वेद 5000 वर्ष पुराना है, छात्रें तक यह बात जाना चाहिए। आयुर्वेद पर शोध की जरूरत है। आयुर्वेद को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। डॉ. रितेश रांझा वैज्ञानिक मलेरिया रिसर्च सेंटर दिल्ली ने मलेरिया से संबंधित अपने कार्य का छत्तीसगढ़ के प्रयोजन में बताया। डॉ. नलिनी सिंह वैज्ञानिक बायोनाक्स प्राइवेट लिमिटेड भुवनेश्वर उड़ीसा ने बताया कि औषधीय पौधे किस प्रकार कैंसर रोग के लिए प्रभावशील है और कैसे कार्य करते है। डॉ. आराधना कंडे आयुष चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर ने ग्रामीण स्वास्थ्य और परंपरागत चिकित्सा के बारे में अपने कार्यों के बारे में बताया। प्रथम दिवस में चेयरपर्सन के रूप में दीपिका कंवर एवं डॉ. अल्का मिश्रा उपस्थित थे। द्वितीय दिवस में डॉ.समीर दशपुत्रे चेयरपर्सन के रूप में उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता डॉ.अलका मिश्रा दुर्ग ने आर्थराइटिस में औषधीय पौधे के महत्व के बारे में बताया स डॉ. निकिता वैज्ञानिक बिट्स पिलानी गोवा ने एंटीबायोफिल्म एजेंट के बारे में चर्चा की। डॉ. प्रमोद कुमार राजनांदगांव ने परंपरागत ज्ञान एवं टेसू फूल से दवाई बनाने की जानकारी दी। डॉ. दीपाली ने मशरूम उत्पादन एवं जीरो वेस्ट कृषि पद्धति पर कार्यों की जानकारी दी। विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों द्वारा पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई। बेस्ट पोस्टर प्रस्तुतीकरण हर्ष कुमार दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं दामिनी साहू अर्जुन्दा महाविद्यालय की रही। द्वितीय सत्र के चेयरपर्सन डॉ. प्रमोद कुमार रहे। इस सत्र में डॉ. अरुणा साव, डॉ. गुलाबचंद, सुरेश कुमार पटेल, निशा, किरण, डॉ.समीर, डॉ. रश्मि सिंह, प्रीति, चिरंजीव पांडे एवं किरण सिन्हा ने मौखिक प्रस्तुतिकरण दिया। उत्कृष्ट मौखिक प्रस्तुतिकरण का पुरस्कार डॉ. समीर दशपुत्रे को दिया गया। संयोजक डॉ. प्रीति धुरवे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। गोवा, उड़ीसा, महाराष्ट्र, दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के प्रतिभागी एवं शोधार्थी राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए।



### 26 JULY 2025




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई ।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

## 27 JULY 2025

नवप्रवेशित विद्यार्थी के लिए भी 'उन्मुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वातावरण एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति से अवगत कराना था।



### शहीद दुर्वासा निषाद शा. महाविद्यालय अर्जुन्दा में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 'उन्मुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन

**बालोद (महाकोशल)।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुदा बालोद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रकोष्ठ द्वारा %उन्मुखीकरण कार्यक्रम% का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उ?द्देश्य बीए, बीकॉम, बीएसी प्रथम सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराना था । राष्ट्रीय शिक्षा नीति संयोजक दीपिका कंवर द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया गया द्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कहा गया कि विषय का चयन अपनी पसंद एवं कैरियर को ध्यान में रखकर करे, महाविद्यालय में संचालित कौशल विकास क्षमता कार्यशाला में भाग लेने एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम को जारी रखे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ.दीपिका द्वारा सेमेस्टर में सामान्य ऐच्छिक (लश्व) एवं कौशल अभिवृद्धि पाठ्यचर्चा (स्श्वष्ट) विषय के चयन, योग्यता अभिवृद्धि पाठ्यचर्चा, डिसिप्लीन स्पेशिफिक कोर्स एवं सतत् आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । दीपिका कंवर ने अंत में सेमेस्टर परीक्षा से संबंधित प्रावधानों की व्याख्या किया ताकि विद्यार्थियों समस्त प्रावधानों से भलिभांति अवगत हो सके। प्राध्यापकों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया गया ।




## 15 AUGUST 2025




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचाय डॉ. सोमाली गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं शहीद को श्रद्धांजलि दी गई।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

## 15 AUGUST 2025

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया ।




### शहीद दुवार्सा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में एंटी रैगिंग से संबंधित दिए गए निर्देश



बालोद। शहीद दुवार्सा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुदा की एंटी रैगिंग समिति के सदस्यों ने महाविद्यालय के सभी संकाय की कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं को एंटी रैगिंग (रैगिंग रोकथाम) के लिए निर्देश दिए और बताया कि किसी भी छात्र को रैगिंग जैसे कृत्य में संलिप्त नहीं होना है और किसी नवप्रवेशित छात्र का रैगिंग नहीं करना है यदि कोई रैगिंग करता है तो उसकी शिकायत एंटी रैगिंग समिति के अध्यक्ष या उसके किसी भी सदस्य से कर सकते हैं। एंटी रैगिंग समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि रैगिंग एक दंडनीय अपराध है और सभी छात्रों को ना किसी की रैगिंग करना है ना ही रैगिंग को सहना है। इस अवसर पर एंटी रैगिंग समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति और सदस्य गण में मोहित साव जी , कुलेश चंद्राकर, प्रभा शर्मा ,प्रभा यादव, राजकुमारी गजपाल उपस्थित रहे।

## 22 AUGUST 2025

एंटी रैगिंग समिति द्वारा रैगिंग रोकथाम के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया गया ।



## 22 AUGUST 2025






### जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सूर्यकांत ने पदभार संभाला

अर्जुंदा@पत्रिका. भाजपा से निष्कासन के कारण शहीद दुर्वासा शासकीय महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष पद से प्रणेश जैन को हटाने के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष सूर्यकांत गजेंद्र ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, नरेश यदु, अश्वनी यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास गुप्ता, कुलदीप साहू, दीपक चौहान, प्रदीप हंसा, स्वयं शर्मा, रोशन अमृत, युगल बोरकर, दानेश्वर साहू, छबि कोर्राम, मनीष ठाकुर, आलोक तिवारी, नवीन राजपूत मौजूद रहे।

प्राचार्य ने महाविद्यालय की कुछ मूलभूत सुविधाओं को लेकर अपनी मांगे रखी। नवनियुक्त जन भागीदारी अध्यक्ष सूर्यकांत गजेंद्र ने अनुशासन, विकास, बेहतर परिणाम की दिशा में काम करने की बात कही। उन्होंने बताया कि जिस महाविद्यालय से मैंने अध्ययन किया है और छात्र जीवन में होने वाली समस्याओं से भली भांति वाफिफ हूं। हम सब मिलकर महाविद्यालय में बेहतर करने हरसंभव प्रयास करेंगे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि यह कॉलेज इस क्षेत्र के लिए संजीवनी के रूप में काम कर रहा है। हम सब जिस लक्ष्य को लेकर जीवन में आगे बढ़ते हैं। सफलता के लिए सबसे पहले शिक्षक का अर्जन करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विकास अनुशासन और बेहतर शिक्षा प्रणाली के लिए सूर्यकांत गजेंद्र हर उम्मीद को पूरा करेंगे। मैं जल्द ही मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री से संपर्क कर पूरा करने का प्रयास करूंगा। संचालन डॉ प्रजापति एवं आभार प्रदर्शन डॉ दीपा चंद्राकर ने किया।




जनभागीदारी समिति के लिए स्वागत समारोह आयोजित की गई, श्री सूयकांत गजेंद्र जी ने अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बेहतर शिक्षा प्रणाली एवं महाविद्यालय के विकास हेतु हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया।

## 01 SEPTEMBER 2025

छत्तीसगढ़ संस्कृति को जीवंत रखने के लिए महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधि **तीज महोत्सव** का आयोजन कया गया ।



तीज महोत्सव • कोई भी समाज अपनी संस्कृति से जुड़े बिना लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकता

**प्राध्यापक व स्टूडेंट्स पारंपरिक परिधान में पहुंचे**



## 02 SEPTEMBER 2025





सेवानिवृत्त उच्च शिक्षा विभाग अपर संचालक दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पांडे जी के महाविद्यालय आगमन पर महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## 03 SEPTEMBER 2025

महाविद्यालय में प्राध्यापकों के लिए 'ब्लूमटैक्सोनॉमी' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा में इसके महत्व और शिक्षण डिजाइन एवं मूल्यांकन प्रणाली में इसके महत्व व इसके अनुप्रयोग से परिचय कराना था।




## 04 SEPTEMBER 2025



शहीद दुर्वासा निषाद जी के शहादत दिवस के अवसर पर उनके गृहग्राम देवरी 'द' गुण्डरदेही बालोद में महाविद्यालय द्वारा अमर जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)

## 06 SEPTEMBER 2025




रजत जयंती समारोह के अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

## 09 SEPTEMBER 2025

रजत जयंती समारोह के अवसर पर ‘छत्तीसगढ़ @ 50 एवं विकसित छत्तीसगढ़ @ 2047’ विषय पर एल्यूमनी मीट का आयोजन किया गया ।



# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

**Dist- Balod (C.G.)**

**09 SEPTEMBER 2025**

रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।




**10 SEPTEMBER 2025**



रजत जयंती समारोह के अवसर पर पोषक विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

**10 SEPTEMBER 2025**

महाविद्यालय के रेड  क्रॉस सोसाइटी द्वारा विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स से संबंधित जानकारी दी गई एवं जागरूक  किया गया ।



दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 11-09-2025

**अर्जुंदा कॉलेज के स्टूडेंट्स को एड्स के कारणों व लक्षणों की जानकारी दी गई**

भास्कर न्यूज | बालोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एवं एड्स जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी एवं एड्स संबंधी जानकारी देना और इसके प्रति जागरूक करना था। विशेषज्ञ त्रिलोक टंडन ने एचआईवी एवं एड्स के लक्षण और रोकथाम पर प्रकाश डाला।

विद्यार्थियों को यह जानकारी दी गई कि एचआईवी मुख्यतया असुरक्षित यौन संबंधी, संक्रमित सुई का प्रयोग रक्त चढ़ाने एवं गर्भवती महिला से शिशु तक के माध्यम से फैलता है। एचआईवी संक्रमण के सामान्य लक्षणों में बार-बार बुखार आना, वजन घटना, थकान महसूस होना, त्वचा पर दाने, फफोले आना आदि शामिल है। इसके रोकथाम के लिए सुरक्षित यौन संबंध, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, संक्रमित सुई का प्रयोग न करना व रक्त जांच कराना आवश्यक बताया गया। सहायक प्राध्यापक मोहित कुमार साव, डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति, प्रभा शर्मा, डॉ प्रीति ध्रुव उपस्थित रहे।

बालोद. एचआईवी एवं एड्स जागरूकता कार्यक्रम में स्टूडेंट।

**10 SEPTEMBER 2025**



दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 13-09-2025

**भाषण प्रतियोगिता में गोपिका भारती प्रथम रही**

बालोद| शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा बालोद में रजत जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम गोपिका भारती, द्वितीय राकेश कुमार रहे।




रजत जयंती समारोह के अवसर पर महाविद्यालय में‘ विकसित छत्तीसगढ़’  विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन  किया गया।

## 11 SEPTEMBER 2025

रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर समूह-चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।




## 11 SEPTEMBER 2025






दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 14-09-2025

**रासेयो का उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ**

बालोद| शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में राष्ट्री सेवा योजना इकाई का उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि प्राचा डॉ सोमती गुप्ता थी। स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे जानकारी दी गई। एक आदर्श स्वयंसेवक बनने को प्रेरित करने के लि प्रेरित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन, वरि स्वयंसेवक राकेश कुमार सुदर्शन साहू, शुभम देशमुख और अन स्वयंसेवक उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वारा 'उन्मुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवक को आदर्श स्वयंसेवक बनने के लिए प्रेरित किया गया ।

## 12 SEPTEMBER 2025



रजत जयंती समारोह के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया ।

### छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन



**बालोद ( महाकोशल )।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में रजत जयंती वर्ष महोत्सव के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी (छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों के विकास यात्रा छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ @50 एवं विकसित छत्तीसगढ़ @ 2047 ) विषय पर आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती धारा पंकज चौधरी (सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही) मुख्य वक्ता डॉ. अंजली औधिया (संयुक्त निर्देशक रूसा उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ ) एवं डॉ. ज्योति धारकर (सहायक प्राध्यापक इतिहास शास. वि. वाय. टी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग) साथ ही संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता, कार्यक्रम समन्वयक दीपिका कंवर, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दीपिका चंद्राकर उपस्थित रहे।

मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी का विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ब्लेंडेड मोड में हुआ प्रथम वक्ता के रूप में डॉ. अंजली औधिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाषाओं की विविधता है छत्तीसगढ़ में पगड्डपग पर इतिहास के पद चिन्ह मिलते हैं, गीत और कहानियों में छत्तीसगढ़ का इतिहास छिपा हुआ है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर एक नया छत्तीसगढ़ बना सकते हैं। छत्तीसगढ़ के लोग उत्सव प्रेमी एवं संस्कृति को लेकर चलने वाले हैं, उन्होंने अंत में विद्यार्थीयों से कहा कीङ्क

कुछ कर गुजारने के लिए मौसम नहीं मन चाहिए, चिंता नहीं चिंतन करना चाहिए।

डॉ. ज्योति धारकर ने कहा कि वैदिक काल से छत्तीसगढ़ समृद्ध संस्कृति का अंग रहा है छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण बिना रक्त बहाए गांधी जी के मार्ग पर चलकर हुआ है। पर्यटन छत्तीसगढ़ के प्राणतत्व हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रीमती धारा पंकज चौधरी ने कहा कि युवा आपदा को अवसर में बदल सकते है। भविष्य में छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने पर जोर दिया।

## 13 SEPTEMBER 2025







रजत जयंती समारोह के अवसर पर 'पुस्तक मेला' एवं 'पुस्तक वाचन' किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तक से जोड़े रखना था ।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

**Dist- Balod (C.G.)**

### 13 SEPTEMBER 2025

रजत जयंती समारोह के अवसर पर महाविद्यालय द्वारा रैली निकाली गई जिसमें छत्तीसगढ़ के विकास यात्रा के बारे में बताया गया ।




### 15 SEPTEMBER 2025




हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान आयोजित की गई। हिन्दी भाषा के राजभाषा के घोषणा से लेकर आज तक के हिंदी भाषा के क्षेत्र में हुए कार्य पर प्रकाश डाला।

## 17 SEPTEMBER 2025

ओजोन दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पोस्टर प्रतियोगिता एवं व्याख्यान आयोजित की गई जिसमें 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।







महाविद्यालय के पीजीडीसीए विभाग द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा पूजा किया गया ।

## 17 SEPTEMBER 2025


दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 19-09-2025

**कॉलेज में विश्वकर्मा पूजा**

बालोद| शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ विश्वकर्मा पूजा की गई। इस अवसर पर प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने पूजा-अर्चना में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पीजीडीसीए के विद्यार्थियों ने किया।

## 17 SEPTEMBER 2025

भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी जिला शाखा बालोद द्वारा सेवा पखवाड़ा के दौरान वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र ने रक्तदान किया ।




## 18 SEPTEMBER 2025



महाविद्यालय की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा रागिनी साहू ने थाई बॉक्सिंग नेशनल एवं वोवीनम नेशनल आर्ट प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया ।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)

## 18 SEPTEMBER 2025

सेवा पखवाड़ा के दौरान महाविद्यालय में स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता हेतु रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया ।



## 19 SEPTEMBER 2025




छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने एवं इस अवधि के दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता हेतु **Menustrual hygiene counselling** कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)

**25 SEPTEMBER 2025**

राष्ट्रीय सेवा योजना के 56 वां स्थापना  दिवस के अवसर पर विभिन्न  गतिविधियां व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।



पत्रिका

रासेयो का 56वां स्थापना दिवस : शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय

**रासेयो समाजसेवा, व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा मंच**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अर्जुंदा. शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने संगठन का 56वां स्थापना दिवस एवं शपथग्रहण समारोह आयोजित किया।

मुख्य अतिथि डॉ लीना साहू जिला संगठक रासेयो जिला बालोद थी। अध्यक्षता डॉ मोम्बली गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि ओपी देवांगन बांसुरी वादक छत्तीसगढ़, डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति पूर्व कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, प्रभा शर्मा प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, पुमाऊ यादव शिक्षादूत, राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन, प्रणव तिवारी, दानेश्वर सिन्हा थे।

मुख्य अतिथि डॉ लीना साहू ने कहा कि रासेयो समाजसेवा करने और व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण करने का सबसे बड़ा मंच है। यह आपको शून्य से शिखर पर ले जा सकती है। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय पूरे भारत में संचालित किया जाता है। साथ ही स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए शपथ भी दिलाई।

प्राचार्य डॉ गुप्ता ने स्वयंसेवकों को समाजसेवा करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि ओपी देवांगन ने स्वयंसेवकों को अपने संगीत जीवन के अनुभवों और संगीत कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी।

**पोस्टर प्रतियोगिता में पायल प्रथम**

इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता हुई। पायल निषाद ने प्रथम, गीतिका ने द्वितीय एवं रागिनी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन प्रभा शर्मा एवं संचालन राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में सुदर्शन साहू, शुभम देशमुख, भानु प्रकाश देशमुख, कुलेश ठाकुर, हेमचंद भारती, सूरज नागवंशी, राहुल, रेणुका कोसी, रागिनी साहू, पायल खरे, आरती देशमुख, सिम्मी देशमुख, निशा साहू, संध्या साहू, भूमिका साहू, दिनेश बंजारे, चित्रांश उपस्थित रहे।

**26 SEPTEMBER 2025**




रेडक्रॉस सोसाईटी द्वारा महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके तहत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई ।

## 27 SEPTEMBER 2025







महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सिकलसेल जांच, एनीमिया एवं ब्लडग्रुप जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गई।

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

Dist- Balod (C.G.)


**03 OCTOBER 2025**



दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 05-10-2025

### जयंती पर महात्मा गांधी के आदर्शों को अपनाने का लिया गया संकल्प

बालोद| शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। उनके जीवन और कार्यों पर चर्चा की गई और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और कार्यों को बताया। छात्रों में राष्ट्रपिता और देश के महान नेताओं के प्रति सम्मान जगाया।







राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई तथा स्वच्छता अभियान के माध्यम से उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया गया।

**09 OCTOBER 2025**

शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में आयोजित कार्यशाला में डॉ. एस. डी. देशमुख ने ध्यान-योग को तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य और कार्यक्षमता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया।



दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 12-10-2025

### तनाव प्रबंधन और कार्यक्षमता बढ़ाने में ध्यान-योग सहायक

बालोद. अर्जुन्दा महाविद्यालय में कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं।

भास्कर न्यूज | बालोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला हुई। डॉ. एसडी देशमुख ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य और ज्ञान के संतुलन की महत्ता पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने ध्यान और योग को तनाव प्रबंधन, एकाग्रता व कार्यक्षमता में वृद्धि का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए सभी से आग्रह किया कि ध्यान को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, ताकि मानसिक रूप से स्वस्थ, संतुलित और उत्पादक जीवन जिया जा सके।

विद्यार्थियों को मन को शांत रखने और एकाग्रता बढ़ाने की सरल तकनीकों का अभ्यास भी कराया गया। प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग अभ्यास का संदेश दिया।






पत्रिका

### विद्यार्थियों को एकाग्रता और मन को शांत रखने तकनीक का कराया अभ्यास

मुख और स्तन कैंसर के साथ बीपी

11/10/2025 | Balod | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक, कौशल विकास एवं रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने हेतु **SIMPLE** भाषा संस्था के साथ एमओयू किया।






**11 OCTOBER 2025**




महाविद्यालय में एनएसएस द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में हेमंत व्यास ने नशामुक्त जीवन का संदेश दिया।

**14 OCTOBER 2025**

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)



दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 17-10-2025

**रैली निकालकर एड्स के प्रति किया जागरूक**

बालोद| शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के रेडक्रॉस सोसाइटी रेड रिबन क्लब ने पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श भारती स्कूल अर्जुंदा में एचआईवी एड्स विषय पर जागरूक किया। रेड रिबन क्लब के वॉलंटियर्स ने बैनर-पोस्टर प्रदर्शन, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक और फ्लैश मॉब के माध्यम से 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के कारण, प्रभाव और बचाव के बारे में बताया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता, सहायक प्राध्यापक प्रभा शर्मा, डॉ. प्रीति ध्रुव उपस्थित रहे।



शासकीय महाविद्यालय, अर्जुंदा के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एचआईवी/एड्स के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया।

**15 OCTOBER 2025**





**16 OCTOBER 2025**

शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित पारिस्थितिक तंत्र प्रदर्शनी में बी.एससी. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए।





सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ एवं रैली का आयोजन किया गया।

**31 OCTOBER 2025**


# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)









शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में दीपावली उत्सव आयोजित किया गया, जिसमें सुवा नृत्य, राउत नाचा की प्रस्तुतियाँ तथा पारंपरिक व्यंजनों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सभी लोग पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहे।

**31 OCTOBER 2025**



**कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला**

श्रीकंचनपथ समाचार

अर्जुन्दा। शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा बालोद में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न रोकथाम विषय में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कार्यस्थल में ...

स्वागत उद्बोधन प्राचार्य डॉ.सोमाली गुप्ता ने प्रस्तुत किया। विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता विभा त्रिपाठी निर्देशक अरित्र बिजनेस एक्सीलेंस ने शिकायत की प्रक्रिया, आंतरिक शिकायत समिति का निर्माण, भूमिका एवं उसके कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला के द्वितीय दिवस में विभा त्रिपाठी एवं सहयोगी वक्ता स्वाति ...

महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय यौन उत्पीड़न निवारण (POSH) था।

**03/04 NOVEMBER 2025**



दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 08-11-2025

**समय पर जांच और इलाज किया जाए तो कैंसर नियंत्रित हो सकता है: डॉ. सोमाली**

[illegible]




महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सोमाली गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि समय पर जांच और उचित उपचार से कैंसर को नियंत्रित किया जा सकता है।

**07 NOVEMBER 2025**

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)



महाविद्यालय में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ उत्साहपूर्वक मनाई गई।

**07 November 2025**



तात्कालिक भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता युवा उत्सव 25-26

**11 November 2025**




पेंटिंग, पोस्टर एवं कोलाज प्रतियोगिता युवा उत्सव 25-26

**11 November 2025**




पायल निषाद ने युवा उत्सव 2025-26 में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीता और अब 39वें जोनल उत्सव, औरंगाबाद में हिस्सा लेंगी।

**12 November 2025**




शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ लिया गया।

**18 November 2025**




बी.एससी III वर्ष के जीवविज्ञान छात्रों का 24 नवंबर 2025 को अर्जुन्दा डेयरी फार्म भ्रमण, जहाँ उन्होंने डेयरी प्रबंधन और पशु नस्लों के बारे में सीखा।

**24 November 2025**



महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया तथा संविधान की मूल भावना के पालन की शपथ ली गई।

**26 NOVEMBER 2025**




छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा कविता गायन एवं विचार व्यक्त किए गए।

**28 NOVEMBER 2025**






**महिला प्रकोष्ठ ने लैंगिक जागरूकता बढ़ाने कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम किया**

शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में महिला प्रकोष्ठ द्वारा लैंगिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके कानूनी अधिकारों, लैंगिक समानता, सम्मानजनक व्यवहार, तथा यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूकता के लिए सशक्त बनाना था। प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपिका ने लैंगिक संवेदनशीलता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कैंपस कॉलिंग के ब्रांड एंबेसेडर के चयन तथा उनसे अपेक्षित जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम से संबंधित लघु फ़िल्म प्रदर्शित की गई। साथ ही साइबर सुरक्षा पर आधारित पीपीटी प्रस्तुत की गई तथा आईपीसी और आईटी एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण धाराओं पर चर्चा की गई, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्र-छात्राओं में लैंगिक समानता एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कैंपस कॉलिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

**28 NOVEMBER 2025**



लघु फिल्म का प्रदर्शन किया • अर्जुंदा कॉलेज में जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत पर व्याख्यान दिया

**जनजाति धरोहर का संरक्षण, इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी**

**महिला प्रकोष्ठ ने लैंगिक जागरूकता बढ़ाने कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम किया**

महाविद्यालय में जनजातीय संस्कृति पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं विषयगत व्याख्यान आयोजित किया गया।

**29 NOVEMBER 2025**



**औरंगाबाद जोनल स्तरीय युवा उत्सव में पायल ने रंगोली से बिखेरी छग लोक संस्कृति की छटा**

हरिभूमि न्यूज >> बालोद/अर्जुन्दा

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की टीम ने 39वें जोनल स्तरीय युवा उत्सव औरंगाबाद महाराष्ट्र हिस्सा लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के साथ बालोद जिले के शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा की पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर छात्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविका पायल निषाद ने भी रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति परम्परा को रंगोली के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति और परम्पराओं की छटा बिखेरी। पायल निषाद ने 39वें जोनल युवा उत्सव में 25 नवंबर से 29 नवंबर 2025 तक एम.जी.एम. यूनिवर्सिटी, छत्रपति संभाजीनगर, औरंगाबाद महाराष्ट्र में आयोजित जोनल युवा उत्सव 2025 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का प्रतिनिधित्व किया।

इससे पहले भी पायल निषाद ने वर्ष 2024 में क्राइस्ट विश्वविद्यालय बैंगलुरु में आयोजित 34वें साउथ ईस्ट जोन फेस्टिवल में हेमचंद यादव दुर्ग विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था। पायल की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता और समस्त प्राध्यापकगण स्टाफ और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन व समस्त स्वयंसेवक ने हर्ष व्यक्त की।

औरंगाबाद जोनल स्तरीय युवा उत्सव में पायल ने रंगोली के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की मनमोहक छटा बिखेरी।

**29 NOVEMBER 2025**


# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)





राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम खुरसुनी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, जागरूकता और सामाजिक सेवा से जुड़े विविध कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई।

**01 DECEMBER 2025**







विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रेड रिबन समिति द्वारा एड्स जागरूकता हेतु क्विज, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए शॉर्ट रील्स प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

**1/2 DECEMBER 2025**




प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

**06 DECEMBER 2025**



महाविद्यालय अर्जुंदा में मनाया गया विश्व मानव अधिकार दिवस

राजनीति विभाग द्वारा विश्व मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया गया । विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना इस आयोजन का उद्देश्य था ।

**10 DECEMBER 2025**

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)









# शहीद दुर्वासा निषाद की प्रतिमा अनावरण तथा शहीद उद्यान का उद्घाटन विधायक कुंवर सिंह निषाद ने किया

**उद्घाटन में शहीद के परिवार भी उपस्थित रहे**

कलयुग का भारत

**बालोद।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में कारगिल शहीद दुर्वासा लाल निषाद जी की प्रतिमा अनावरण एवं शहीद उद्यान का उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यक्रम में के मुख्य अतिथि...

...जाते है। मुझे गर्व है कि मैं शहीद दुर्वासा निषाद का पिता हूं। शहीद प्रतिमा का स्थापना से युवाओं को देशभक्ति के लिए प्रेरणा मिलेगा। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा जी ने कहा कि अभिमान को जीत लेना संतोष का काम है। आत्म बलिदान विलक्षण लोगों की पहचान होता है। वरिष्ठ साहित्यकार...

20 December 2025



हमारे प्रणेता • शहीद उद्यान का उद्घाटन किया, शहीद दुर्वासा निषाद कॉलेज अर्जुंदा में आयोजन

# कॉलेज में शहीद दुर्वासा लाल की प्रतिमा का अनावरण

शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय अर्जुंदा में प्रतिमा का अनावरण किया।

**अभिमान को जीत लेना संतोष का काम**

# NEWSLETTER

## Shahid durwasa Nishad Govt. College Arjunda

### Dist- Balod (C.G.)


विभिन्न कलाकृतियों की कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया जाएगा संचालन

**अर्जुन्दा महाविद्यालय में उत्तरदान के तहत किया कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ**

पीपुल्स संवाददाता ● बालोद
editor@peoplesamachar.co.in

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में महिला प्रकोष्ठ एवं कौशल विकास उद्यमिता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में उत्तरदान के तहत प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता द्वारा कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने विद्यार्थियों को उत्तरदान एवं कौशल विकास केंद्र के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं कौशल कला के कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्र छात्राओं के लिए संचालित की जाएगी। कला की कार्यशाला में प्रशिक्षण देकर अन्य विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर आगे बढ़ा सकते है एवं अपनी आय

पंजीकृत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। द्वितीय चरण में माताओं एवं गृहिणियों को सम्मिलित कर महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। सत्र के अंत में छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

इस अवसर पर हस्तनिर्मित कलाकृतियों जैसे मंडला कला, पेंटिंग, क्ले से निर्मित वस्तुएं, लिप्पन कला, टिकुली कला से निर्मित वस्तुएं, रेजिन कला, क्रोशिया कला, मैक्रम कला की प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम में आइक्यूएसी प्रभारी डॉ.

महाविद्यालय अर्जुन्दा में महिला प्रकोष्ठ एवं कौशल विकास उद्यमिता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता द्वारा कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ किया गया।

**11 DECEMBER 2025**


**पोस्टर प्रतियोगिता में पूर्वी, कुसुमलता साहू और मिर्जा अफरीन रहीं विजेता**

**राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया**

अर्जुंदा@पत्रिका. शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में गणित विभाग ने राष्ट्रीय

भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में पूर्वी, कुसुमलता साहू, मिर्जा अफरीन विजेता रहीं। गणितीय क्षमता परीक्षण के विजेता जयंत कुमार, मोनाक्षी देवांगन, खिलेश्वरी एवं

**22 DECEMBER 2025**


**अर्जुंदा कॉलेज में वीर बाल दिवस पर निबंध व चित्रकला स्पर्धा हुई**

महाविद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**24 DECEMBER 2025**


न्यूज ब्रीफ

**अर्जुन्दा महाविद्यालय में बाल विवाह मुक्त अभियान का चला जागरूकता कार्यक्रम**

बालोद। शहीद दुवार्सा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा बालोद में जिला बाल संरक्षण अधिकारी के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम चला। इसमें लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन के बारे में जिला संरक्षण इकाई की परामर्शदाता अशिलेखा देवांगन जी द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। संरक्षण अधिकारी देवेंद्र देशमुख द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को कैरियर के प्रति जागरूक, विशाखा गाइडलाइन, बाल संरक्षण संबंधी अधिनियम के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी दीपिका कंवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में बाल संरक्षण अधिनियमों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

**29 DECEMBER 2025**